## सार-समाचार

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**पाटन** (निसं)। राजस्थान राज्य महिला नीति के अन्तर्गत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के आदेशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा समिति, नीमकाथाना के निर्देशानुसार एक्शन प्लान की अनुपालना में दिनांक 29 जनवरी 2026 को स्थानीय विद्यालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विधिक विशेषज्ञ चंदन करोटवान द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को भ्रूण परीक्षण एवं भ्रूण हत्या निषेध कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला–पुरुष समानता, साइबर अपराध, समाज में कन्या के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार, भेदभाव एवं असमानताओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून के प्रति सजग रहने एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक होकर भूमिका निभाने का आ ान किया।इस अवसर पर छात्राओं को विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया, जिनमें 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 100 एवं 112 पुलिस हेल्पलाइन नम्बर तथा जन उपयोगी सेवाओं हेतु राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी व्हाट्सएप नम्बर 9119365734 की जानकारी शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बालिका दिवस भी मनाया गया, जिसमें बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। शिविर में कुल 556 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द ने चंदन करोटवान का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को दी गई उपयोगी एवं प्रेरणादायक जानकारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रार्थना सभा का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ एवं विद्यार्थियों ने गांधीजी के प्रिय भजन सहित अनेक निर्गुण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव, पीआरओ हिमांशु सिंह, सीडीईओ अशोक शर्मा, नगर परिषद कमिश्नर देवीलाल बोचल्या, डीईओ सैकंडरी राजेश मील, नवपदोन्नत तहसीलदार राकेश पूनियां एवं कमलेश चेजारा, समसा सहायक निदेशक शिक्षा अशोक जांगिड़, झुंझुनूं स्काउट सचिव बंशीलाल, सहायक लीडर ट्रेनर रामदेव सिंह गढ़वाल, विजय गर्वा, सुनिल कुमार, दिनेश कुमार, नगर परिषद से रामकरण यादव, कर्मवीर खीचड सहित सैकडों की संख्या में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी बार एसोसिएशन के सदस्य, वकील एवं जन सामान्य तथा स्काउट गाइड्स रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

### बाबा को 151 किलो रोटे का भोग लगाया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में तोलियासर भेरुजी मंदिर का 41वे वार्षिक महोत्सव के तहत पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल ध्वज यात्रा भेरूजी मंदिर से रवाना हुई जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुई वापस तोलियासर भेरूजी मंदिर पहुंची । ध्वज यात्रा में ऊंट , घोड़े संजीव झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। गाजे बाजे के साथ निकली ध्वज यात्रा में भक्त बाबा के जयकारे के साथ नाचते हुए बाबा के दरबार में पहुंचे । जहां बाबा की विशेष पूजा अर्चना के बाद 151 किलो रोटे का भोग लगाया गया तथा भक्तों को वितरण किया गया । मंदिर को भव्य फूलों से सजाया गया तथा बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर पुजारी घनश्याम पांडे ने बताया कि आज सुबह 8:15 बजे हवन ज्योत तथा 11 बजे से महाप्रसाद भक्तों को वितरित किया जाएगा । रात्रि में जागरण का आयोजन हुआ जिसमें पिलानी की भजन गायिका नेहा महेश्वरी व गायक नवीन आचार्य के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। श्रोता देर रात्रि तक टिके रहे। इस मौके पर राजकुमार विनायक ,कमल दुगड, राजकुमार बरडिया, विमल छंलाणी, खेमचंद बरडिया, लालचंद पाण्डे, पंकज पाण्डे, जयप्रकाश पाण्डे सहित अनेकों भैरव भक्त मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस समारोह एक को

**रतनगढ़,** (निसं)। नवयुवक जागृत सामाजिक ट्रस्ट, रतनगढ़ द्वारा ट्रस्ट का 28वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 1 फरवरी 2026, रविवार को प्रातः 11 बजे अंबेडकर भवन, मेहतर धर्मशाला, भारत नगर, वार्ड संख्या 40 में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। लालचंद पवार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर गोपाल चांवरिया (सेवानिवृत्त शिक्षक) करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा, एसडीएम सरदारशहर रहेंगे, जबकि माननीय मिथिलेश कुमार, एसडीएम रतनगढ़, हरिप्रसाद हर्षवाल अध्यक्ष कामगार समाज रतनगढ़, सीताराम जांगिड़, अधिशासी अभियंता जोधपुर डिस्कॉम रतनगढ़, महेंद्र कुमार कांटीवाल, अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग श्रवण कुमार सोडा, अध्यक्ष एससी/एसटी समाज रतनगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पार्षद अनिल सियोता ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा पिछले 28 वर्षों से सामाजिक चेतना, शिक्षा, संगठन और समाजोत्थान के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

### ए.डी.एम को ज्ञापन सौंपा

**नोहर,** (निसं)। भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अत्यधिक पाले से खराब हुई सरसों और चना की फसल के मुआवजे की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजें गये ज्ञापन में बताया गया है कि की इस बार तापमान जमाव बिंदु से नीचे जाने की वजह से सरसों की 100 फीसदी फसल खराब हो गई है जबकि चने की फसल को भी नुकसान हुआ है। इसलिए खराबे की गिरदावरी कराकर किसानों के फसल को हुए नुकसान की मुआवजा जारी किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग, महामंत्री पृथ्वी सिंह साहू, उपाध्यक्ष गंगाराम बेनीवाल, प्रताप सिंह सहारण, कृष्ण सहारण सहित अनेक किसान शामिल हुए।

### आध्यात्मिक संदेश कार्यक्रम कल

**चिड़ावा,** (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में इस वर्ष शिव अवतरण का यादगार पर्व 90वीं त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि के रूप में बेहद धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन एक फरवरी को होगा। चिड़ावा शाखा की संचालिका स्नेहा दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आगाज एक फरवरी को दोपहर एक बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए। जिले के प्रतिष्ठित सीएलसी शैक्षिणक संस्थान झुंझुनूं में एक भव्य एवं प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया।

बाल अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति आमजन एवं विशेष रूप से बच्चों को जागरूक करना तथा इसे जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक अंकित मील, सदर सीआई मांगीलाल मीणा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार, सीएलसी शैक्षिणक संस्थान के संस्था प्रधान उपकरण सिंह, आउटरिच वर्कर पूनम जांगिड़ व सुमन भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टाफ, कर्मचारी एवं बडी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक कानूनों की जानकारी देते हुए बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। न्यायाधीश डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। उन्होंने बच्चों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी अवगत कराया तथा बताया कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से कानूनी सहायता निशुल्क प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी बच्चों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने का संकल्प दिलवाया और स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो, तो उसे छुपाने के बजाय तुरंत चाइल्ड हैल्पलाइन नंबर 1098 या नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर सूचना देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने–अपने वक्तव्य दिए।

अधीक्षक अंकित मील ने किशोरों के संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित जानकारियां साझा की। वहीं सदर सीआई मांगीलाल मीणा ने कानून व्यवस्था की दृष्टि से बाल विवाह रोकने में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में निर्भिक होकर प्रशासन से संपर्क करें। संस्था प्रधान उपकरण सिंह ने अपने उद्बोधन में बाल अधिकारिता विभाग एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षिणक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक नागरिक तैयार करना भी उनका प्रमुख दायित्व है।

कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों, अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने की शपथ ली तथा संकल्प बैनर पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परियोजना समन्वयक महेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा 24 घंटे, 365 दिन बच्चों की सहायता के लिए तत्पर रहती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बाल अधिकारों से जुडी समस्या जैसे बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत 1098 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ समाप्त कर समाज में सभी बच्चों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के अधिकार की मुख्य धारा से जोड़ना है।

## तारानगर में एसीजेएम कोर्ट खुलवाने की मांग

**तारानगर** (निसं)। तारानगर में एसीजेएम कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर तारानगर बार के अधिवक्ताओं ने बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण के नेतृत्व में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित मुख्यमंत्री व विधि मंत्री को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने बताया कि तारानगर मुख्यालय पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर का केवल एक न्यायालय वर्ष 1986 से स्थापित है, जिसको सृजित हुए 40 वर्ष हो गए हैं जिसमें वर्तमान में फौजदारी प्रकरण 2832 व सिविल प्रकारण 542 सहित कुल 3374 मुकदमें लंबित है जिनमें बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार संबंधि प्रकरणों से संबंधित प्रकरणों के लिए तारानगर न्यायिक क्षेत्र के पक्षकारों को तारानगर ए.डी.जे. कोर्ट से ए.सी.जे.एम. कोर्ट के क्षेत्राधिकार वाले टर्न डाउन होने वाले मामलों में राजगढ़ ए.सी.जे.एम. कोर्ट जाना पड़ता है जिस कारण तारानगर मुख्यालय पर ही अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायालय खोले जाने की महति आवश्यकता है तथा गत एक वर्ष में लगभग 15 प्रतिशत मुकदमों में वृद्धि हुई है। उक्त न्यायालय के अधीन पुलिस थाना तारानगर, पुलिस थाना साहवा, पुलिस थाना भालेरी व आबकारी वृत चूरू व राजगढ़ से उद्धुत प्रकरण संस्थित होते हैं व पांच थानों का क्षेत्राधिकार होने के कारण लगातार प्रकरणों में वृद्धि हो रही है व लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलंब कारित हो रहा है।

## वार्षिकोत्सव आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहीद कर्नल जेपी जानूं पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अभिषेक चौधरी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीडीईओ अशोक शर्मा, विशिष्ट अतिथि डीईओ सैकंडरी राजेश मील, समसा के सहायक निदेशक अशोक जांगिड, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मनीराम मंडीवाल, इंद्राज मीणा, सीओ स्काउट महेश कालावत रहे।

## सार-समाचार

### क्लाउड कम्प्यूटिंग पर सेमिनार आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। पालड़ीवाला आईटीआई में गुरुवार को ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों के लिए क्लाउड कम्प्यूटिंग विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह सेमिनार ,"स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदी यूनिवर्सिटी" तथा,"अमेज़न क्लाउड क्लब" के सहयोग से आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी, विशेषकर क्लाउड कम्प्यूटिंग के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान, अवसरों एवं उद्योग से जुडी जानकारियाँ प्रदान करना था। सेमिनार में मोडी यूनिवर्सिटी की टीम ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा क्लाउड टेक्नोलॉजी में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोदी यूनिवर्सिटी से पी.के. बिश्नोई फैकल्टी सदस्य, डॉ. विनोद मान फैकल्टी सदस्य, वैष्णवी शर्मा क्लाउड कैप्टन– छात्रा, श्वेता महतो छात्रा एवं तनिष्का शर्मा छात्रा ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। सेमिनार के दौरान राकेश मालवीय प्राचार्य, पालडीवाला आईटीआई द्वारा मोदी यूनिवर्सिटी की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा विद्यार्थियों के लिए इस उपयोगी एवं प्रेरणादायक सत्र के आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसे शैक्षिणक एवं तकनीकी कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राष्ट्रीय आयुष मिशन और आयुर्वेद विभाग की ओर महावीर भवन में आयोजित निःशुल्क 10 दिवसीय क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर के चौथे दिन जिले भर से और जिले के बाहर से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे है।मीडिया प्रभारी डॉ रमेश कस्वां ने बताया कि चौथे दिन ओपीडी में कुल 985 मरीज, अग्नि कर्म चिकित्सा के 28 मरीज पंचकर्म चिकित्सा से 151 मरीज, स्त्री रोग के 33 मरीज, क्षार सूत्र चिकित्सा हेतु अब तक कुल भर्ती रोगी 64 एवं 501 बच्चों को सर्वांगीण विकास हेतु स्वर्ण प्राशन करवाया गया। शिविर प्रभारी डॉ अरुण कुमार सैनी एवं डॉ नंदकिशोर शिवरान ने बताया कि शिविर लगातार 4 फरवरी तक जारी रहेगा इसमें आयुर्वेद विभाग की तरफ से सभी आने वाले ओं पी डी मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है ओपीडी मरीजों में आए गुदा रोगों की स्क्रीनिंग कर क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा हेतु आईपीडी में भर्ती कर निःशुल्क शल्य चिकित्सा की जा रही है एवं भर्ती मरीजों को निःशुल्क भोजन आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ महेश कुमार सोनी ने अपील की है कि आमजन इस शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

### नवनियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सरोज बाला ने जॉइन किया

**नोहर,** (निसं)। यहां राजकीय उप जिला चिकित्सालय नोहर में नवनियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सरोज बाला ने कार्यभार ग्रहण किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हंसराज शर्मा ने उन्हें जोइनिंग करवाई। डॉ सरोज बाला ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विषय में एमएस सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर से हाल ही में पूर्ण की है। उनके पति डॉ सुभाष सिहाग पहले से ही राजकीय उप जिला चिकित्सालय नोहर में कान–नाक–गला रोग विशेषज्ञ के तौर पर सेवाएं दे रहें हैं।

### सड़क सुरक्षा माह का समापन कल

**नोहर,** (निसं)। राज्य एवं केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार जारी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को विधिवत समापन होगा। इस दौरान परिवहन विभाग की और अनेक नवाचार किये गए। परिवहन अधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में वाहन चालकों को रोड सेफ्टी रूल्स के लिए प्रेरित किया गया वहीं सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न प्रकार के नवाचार भी किये गए ताकि आमजन सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढे। जनवरी माह को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के रूप में मनाया गया, जिसमें प्रत्येक दिन सडक सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियां हुई। जिला परिवहन अधिकारी रायसिंह ने बताया कि 31 जनवरी को परिवहन कार्यालय नोहर में सडक सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करनें वाले कर्मचारी, समाज सेवी, मीडिया कर्मियों आदि को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा सम्बधित प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा।

### जिला सम्मेलन आज

**सीकर,** (निसं)।भाजपा की ओर से वीबीजी राम जी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिला सम्मेलन 31 जनवरी शनिवार को आयोजित होगा। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि जिला सम्मेलन दोपहर 1 बजे होगा जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी व प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह होंगी व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड करेंगे। उन्होंने बताया कि वीबीजी राम जी जिला सम्मेलन में जिले का शीर्ष नेतृत्व, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व जिले के कार्यकर्ता भाग लेंगे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address eonp.sdlp@ yahoo.in — Fax &Phone: 01559-222039

क्रमांक :- न.पा.रा./2025-26/7388 — दिनांक :- 30/14-26

प्रारूप-10 नियम-6(7) देखिये)

### लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र सं. | आपति सूचना पत्रावली 90 क — आवेदक का नाम | पत्रावली सं. | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल | प्रायोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दयानन्द पुत्र श्री रामकिशन मेघवाल, निवासी-NH 52 बाईपास के पास. हिसार हाइवे के पास (ऑटो मार्केट) के पास, राजगढ़ (चूरू) | 314/24.11.2025 | कस्बा राजगढ | 178 | 0.4936 हैक्टेयर | आवासीय |
| 2 | सोमवीर सिंह पुत्र श्री मनीराम मेघवाल, निवासी-. 52 बाईपास के पास (खेमाणा रोड), राजगढ़ (चूरू) | 315/24.11.2025 | कस्बा राजगढ | 98 | 1.0100 हैक्टेयर | आवासीय |
| 3 | प्रहलाद पुत्र श्री सुण्डाराम, निवासी-. 52 बाईपास के पास, राजगढ़ (चूरू) | 313/12.11.2025 | कस्बा राजगढ | 2889/301 | 0.2529 हैक्टेयर | आवासीय |
| 4 | ओमप्रकाश पुत्र श्री दाताराम, निवासी- . 52 बाईपास के पास हिसार गगौर, राजगढ़ (चूरू) | 307/13.10.2025 | कस्बा राजगढ | 870/657 | 1.77021 हैक्टेयर | औद्योगिक |
| 5 | विनित कुमार पुत्र श्री राधेश्याम, निवासी- . 52 बाईपास के पास हिसार, मांगला, राजगढ़ (चूरू) | 320/27.01.2026 | कस्बा राजगढ़ | 517 | 0.2619 हैक्टेयर | आवासीय |
| 6 | सिताराम पुत्र श्री बनवारी, निवासी-हाल वार्ड नं0 36, . 52 बाईपास के पास, राजगढ़ (चूरू) | 317/15.12.2025 | कस्बा राजगढ़ | 3066/2701 | 0.1392 हैक्टेयर | आवासीय |
| 7 | मनीष कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश वगैरह जरिये मु.आ. धनराज पुत्र श्री भोलाराम, चरणदास पुत्र श्री सतपाल, नजदीक सुरतपुरा जक्शनं, राजगढ़ (चूरू) | 289/31.01.2025 | कस्बा राजगढ़ | 2603/624 | 0.5898 हैक्टेयर | आवासीय |
| 8 | सुनीता पत्नी प्रकाश चन्द्र, निवासी-मानपुरा, . 52 बाईपास के पास, राजगढ़ (चूरू) | 324/20.01.2026 | कस्बा राजगढ | 2973/2913 2971/2722 | 0.026837 हैक्टेयर | आवासीय |
| 9 | श्रीमती रोशनी पत्नी श्री राज कुमार भाटी . 52 बाईपास के पास, राजगढ़ (चूरू) | 309/28.10.2025 | कस्बा राजगढ़ | 171 | 3162.00 वर्गमीटर | आवासीय |
| 10 | अजय कुमार पुत्र श्री नत्थूराम, बिहारीलाल पुत्र श्री गुगनराम, मोनिका पत्नी श्री राकेश, योगेन्द्र कुमार पुत्र श्री बिहारीलाल, सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री जगत सिंह व सुरेश पत्नी श्री ओमप्रकाश, निवासी- झुन्झनू रोड़, राजगढ़ (चूरू) | 321/15.07.2026 | कस्बा राजगढ़ | 127 | 4.0700 हैक्टेयर | आवासीय |
| 11 | सुरेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र श्री सवाई सिंह, निवासी ठाम मिठडी बलवन्त सिह, खेमाणा रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 325/31.01.2026 | कस्बा राजगढ़ | 3019/2320 | 1.0120 हैक्टेयर | आवासीय |
| 12 | नंदिनी सरावगी पुत्री मुकेश कुमार सरावगी व सन्तरो देवी पत्नी श्री राजवीर सिंह, . 52 बाईपास के पास, राजगढ़ (चूरू) | 326/09.01.2026 | कस्बा राजगढ़ | 2723/2618 | 1.0500 हैक्टेयर | आवासीय |
| 13 | जगदीश पुत्र श्री सुरजाराम, वार्ड नं0 01. एल.आई.सी. ऑफिस के पीछे, राजगढ़ (चूरू) | 271/13.08.2024 | कस्बा राजगढ़ | 2753/2498 | 0.1815 हैक्टेयर | आवासीय |
| 15 | पुनमचन्द पुत्र कालूराम, शारदा पत्नी सुरजाराम, बीरबल व सुरेश कुमार पुत्रगण सुरजाराम, राजगढ़ (चूरू) | 236/24.01.2024 | कस्बा राजगढ़ | 2751/2497, 2752/2498, 2753/2498 | 1.4520 हैक्टेयर | आवासीय |
| 16 | मैना देवी सैनी पत्नी सत्यनारायणु सैनी, राजगढ़ से झून्झनू सड़क, राजगढ़ (चूरू) | 294/17.07.2025 | कस्बा राजगढ़ | 1734 | 0.5898 हैक्टेयर | आवासीय |
| 17 | राजवीर पुत्र श्री महावीर प्रसाद व राजेश कुमार पुत्र छबीलचन्द, तारानगर रोड, राजगढ़ (चूरू) | 311/30.10.2025 | कस्बा राजगढ़ | 2992 | 2.9925 हैक्टेयर | आवासीय |
| 18 | राजकुमार पुत्र श्री भातीराम जरिये मु. आ. राजकुमार पुत्र श्री लालचन्द, बहल रोड़ राजगढ (चूरू) | 280/15.10.2024 | कस्बा राजगढ | 2272/742, 2273/742 | 1.7750 हैक्टेयर | आवासीय |
| 19 | अजय कुमार पुत्र श्री नत्थूराम, बिहारीलाल पुत्र श्री गुगनराम, योगेन्द्र कुमार पुत्र श्री बिहारीलाल, सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री जगत सिंह, निवासी-झुन्झनू रोड, राजगढ़ (चूरू) | 322/15.07.2026 | कस्बा राजगढ़ | 2292/1640, 2291/1640 | 1.9000 हैक्टेबर | आवासीय |
| 20 | अर्जन, राजेश, विनोद पुत्रगण चौथुराम, व किशनलाल, विजय पुत्र श्री सीताराम हिसार रोड़ राजगढ़ (चूरू) | 310/30.10.2025 | कस्बा राजगढ़ | 623 | 1.7705 हैक्टेयर | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पुर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप नही है तो इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नही है, और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

(कृष्ण कुमार छाबा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)


# राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**नोहर,** (निसं.)। यहाँ श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, नोहर में सांस्कृतिक सप्ताह के अन्तर्गत महाविद्यालय की सांस्कृतिक और साहित्यिक समिति द्वारा 30 जनवरी को एकल गायन, सामूहिक गायन, एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सत्र 2025–26 के खेलकूद, सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी रखा गया। जिसमें वर्षभर होने वाले अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

अकादमिक तौर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अमरसिंह मूनपरिया ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा को निखारने का जरिया होते हैं इनसे सहभागिता बढ़ती है और छात्र सामूहिक भागीदारी का महत्त्व समझते हैं। कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि गंगा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. संतलाल छिम्पा और सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, नोहर श्रीमती अल्पा सहारण रहीं। डॉ. संतलाल छिम्पा ने स्वास्थ्य के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक गतिविधियां किसी समाज या समूह की परंपराओं, कलाओं, मूल्यों और जीवन शैली को दर्शाने वाले कार्यक्रम हैं जिनमें लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत, नाटक, रंगोली और हस्तकला से संबंधित अन्य गतिविधियाँ शामिल होती है। ये गतिविधियां भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो छात्रों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाती हैं और लोगों को एक साथ लाती हैं। अल्पा सहारण ने कहा कि सहशैक्षिणक गतिविधियाँ छात्रों के लिए शैक्षिणक पाठ्यक्रम के जितनी ही महत्त्वपूर्ण होती हैं, इनका महत्त्व अंकीय प्रतिस्पर्द्धा से अलग छात्रों द्वारा सामाजिक व्यवहार सीखने की प्रक्रिया में उद्घाटित होता है।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम प्रभारी डॉ एकता देवी और श्रीमती मीरां भादू ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्त्व के बारे में बताया। एकल गायन प्रतियोगिता में अमन ने प्रथम और अंकुश ने द्वितीय स्थान हासिल किया।एकल नृत्य में निकिता प्रथम और नेहा द्वितीय रहीं। समूह नृत्य में विनीता एवं नकिता ग्रुप प्रथम और वंदना एवं उर्मिला ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा।

सभी विजेताओं को महाविद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में हर वर्ष दिसम्बर–जनवरी में सांस्कृतिक समारोह रखा जाता है, जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता है विद्यार्थी इन कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेते हैं।

समिति प्रभारी डॉ बलदेवाराम ने छात्रों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एकता देवी ने किया। इस अवसर पर स्टाफ के अन्य सभी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।